(Pages : 4) **N – 2294**

Reg. No. : ....

Name : ....

Third Semester B.A./B.Sc. Degree Examination, March 2022

First Degree Programme Under CBCSS

Language Course –Additional Language – Hindi

HN 1311.1 – HINDI NATAK, VYAKARAN TATHA ANUVAD

(2020 Admission)

Time : 3 Hours Max. Marks : 80

I. एक या दो वाक्यों में उत्तर लिखिए।

1. सकुबाई ने अपनी बेटी का नाम साइली क्यों रखा?

2. सुरेखा रानी कौन है?

3. वासंती की मृत्यु कैसे हुई?

4. सकुबाई रूंगटा साहब को कैसे जानती है?

5. सकुबाई को अपने काका लोगों पर गुस्सा क्यों आया?

6. तत्सम शब्द क्या है? उदाहरण लिखिए।

7. क्रिया की परिभाषा लिखिए।

8. 'चरखा' शब्द का बहुवचन रूप लिखिए।

P.T.O.

9. आकारांत पुल्लिंग शब्द के स्त्रीलिंग रूप में क्या परिवर्तन आता है?

10. उद्देश्य और विधेय में क्या अंतर है?

(10 × 1 = 10 Marks)

II. किन्हीं **आठ** प्रश्नों के लघु उत्तर (करीब **50** शब्दों में) लिखिए।

11. सकुबाई और उसकी माँ ने बंबई जाने का निर्णय क्यों लिया?

12. सकुबाई के पिता के बारे में लिखिए।

13. पति की मृत्यु के बाद शहनाज़ की ज़िंदगी कैसे बदल गई?

14. नाटककार नादिरा ज़हीर बब्बर का परिचय दीजिए।

15. रौकी के संदर्भ में अमीर-गरीब के जीवन की तुलना सकुबाई कैसे करती है?

16. माँ-बाप ने सकुबाई की शादी केलिए जल्दबाजी क्यों दिखाई?

17. "मेरे हाथ बर्तन माँजते-माँजते सड़ जाएँगे।... लेखिन तेरी लड़की को कभी बर्तन माँजने नहीं दूँगी"। सकुबाई ने अपने पति से ऐसा क्यों कहा?

18. पूजा कपूर कौन है? उसके परिवार का परिचय दीजिए।

19. तत्पुरुष समास को समझाइए।

20. वाच्य क्या है? उसके भेदों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

21. योगरूढ़ शब्द को सोदाहरण समझाइए।

22. पदबंध (वाक्यांश) की परिभाषा लिखिए। उसके भेद क्या-क्या हैं?

23. विशेषणों की तुलनावस्था से क्या तात्पर्य है?

24. भाव वाचक संज्ञाएँ किन-किन शब्द भेदों से बनती हैं?

25. सर्वनाम और सार्वनामिक विशेषण के बीच के अंतर को सोदाहरण समझाइए।

26. लिंग बदलिए

(a) भैंस

(b) दासी

(c) डिब्बा

(d) बेगम

(8 × 2 = 16 Marks)

III. किन्हीं **छह** प्रश्नों के उत्तर (करीब **120** शब्दों में) लिखिए।

27. मामा के घर छोड़ने के बाद सकुबाई के परिवार की क्या दशा थी?

28. सकुबाई की चरित्रगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

29. मिश्राइन का परिचय दीजिए।

30. 'सकुबाई' नाटक के उद्देश्य पर विचार कीजिए।

31. "ऐसे कितने सारे अपमान हम औरतें इसलिए सह लेती हैं कि घरों में कोई क्लेश न हो। चाहे वो क्लेश हमें जीते-जी जलाते रहे..." सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

32. सकुबाई और उसके पति के बीच का रिश्ता कैसा था? सविस्तार लिखिए।

33. भूतकाल क्या है? उसके भेदों का परिचय दीजिए।

34. अर्थ के आधार पर क्रियाविशेषण के भेदों पर प्रकाश डालिए।

35. संयुक्त क्रिया पर टिप्पणी लिखिए।

36. मध्यमपुरुष आप और निजवाचक आप में क्या-क्या अंतर हैं?

37. संधि का सविस्तार परिचय दीजिए।

38. रचना के आधार पर वाक्य के भेदों पर प्रकाश डालिए।

(6 × 4 = 24 Marks)

IV. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर (करीब **250** शब्दों में) लिखिए।

39. 'सकुबाई' स्त्री के आत्मसम्मान और स्वावलंबन पर ज़ोर देनेवाला नाटक है। नाटक के विभिन्न प्रसंगों के आधार पर विचार कीजिए।

40. हमारे समाज में गरीब लोगों की ज़िंदगी काफी दुस्सह होती जा रही है। 'सकुबाई' नाटक के आधार पर सिद्ध कीजिए।

41. कृदंत क्या है? उसके भेदों पर प्रकाश डालिए।

42. कारक किसे कहते हैं? उसके विभिन्न भेदों का परिचय दीजिए।

43. हिंदी में अनुवाद कीजिए।

Cinemas have a high educative value. It is not possible for the people of our country to know the customs and manners and the general life of the people of another country, unless they go there and read about them in books. Moreover it is only the educated section of the people, who can have this advantage. But by means of films produced in one country, the cinema makes it possible to spread this knowledge amongst the masses of another country, whether educated or otherwise. As a means of spreading ideas, the cinema is highly valuable.

44. नाटक के तत्वों के आधार पर सकुबाई नाटक की विवेचना कीजिए।

(2 × 15 = 30 Marks)